# झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड

CIN: U40108JH2013SGC001704

पंजीकृत कार्यालय : एस.एल.डी.सी. भवन, कुसई कॉलोनी, डोरण्डा, रांची - ***834002***, झा.

## वरीय प्रबंधक का कार्यालय, संचरण प्रमंडल, हजारीबाग

प्रमंडल कार्यालय: शृंगारी कॉम्प्लेक्स, प्रथम ताल, कनहरी हिल पथ मॉन्ट फोर्ट विद्यालय के निकट, हजारीबाग ***825301***, झा

*ई–मेल :* eeetdhzb@gmail.com

पत्रांक: 17 /वरीय प्रबंधक/सं0प्र0, ह0बाग                                                  दिनांक: 12/01/**2023**

प्रेषक

वरीय प्रबंधक
संचरण प्रमंडल, हज़ारीबाग,

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल

**विषय:- ग्राम-बोंडा, थाना-हंटरगंज-133, खाता न0-85, प्लॉट न0-40 पर 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब-स्टेशन निर्माण हेतु 4.04 हे0 अधिसूचित वनभूमि अपयोजन के संबंध में।**

**प्रसंग:-**
(i) आपके कार्यालय का पत्रांक: 61; दिनांक-06.01.2023
(ii) उपमहाप्रबंधक, संचरण अंचल, हज़ारीबाग का ज्ञापांक:718; दिनांक-17.12.2022
(iii) इस कार्यालय का पत्रांक: 656; दिनांक-16.12.2022
(iv) वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक सं0 वनभूमि - 24/2019 - 3428 व0 प्र0 रांची ; दिनांक 25.11.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि वर्तमान में अंचल- हंटरगंज अंतर्गत ग्राम-बोंडा, खाता न0-85, प्लॉट न0-40 पर 4.04 हे0 भूमि 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब-स्टेशन निर्माण हेतु चिन्हित किया गया है जो कि अधिसूचित वनभूमि के अंतर्गत आता है जिसका वन प्रस्ताव सं -FP/JH/Substation/2019/39837 है, तथा उक्त चयनित भूमि पर प्रस्तावित ग्रिड के दिशा में क्रमशः 132 के0 वी0 हंटरगंज - चतरा एवं 132 के0 वी0 हंटरगंज - ईटखोरी संचरण लाइनों का निर्माण कार्य आधे से अधिक पूर्ण हो चुका है और शेष वन विभाग के अनुमति के प्रतीक्षा में लंबित है।

वन प्रस्ताव के जॉचोंपरांत, उक्त ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा पत्रांक सं0 2260, दिनांक-02.08.2019 के माध्यम से क्षतिपुरक वनरोपण हेतु गैर वनभूमि की मांग की गई थी । उक्त के आलोक में उपायुक्त, चतरा से पत्रांक-74, दिनांक-03.08.2019 के माध्यम से क्षतिपुरक वनरोपण हेतु गैर वनभूमि की मांग की गई थी।

पूर्व में क्षतिपुरक वनरोपण हेतु ग्राम-कूजराम, अंचल-कुंदा में 20.00 एकड़ भूमि चिन्हित की गई एवं चयनित भूमि का DGPS एवं KML file बना कर वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल को पत्र सं0 145, दिनांक-14.10.2020 के माध्यम से समर्पित किया गया। उक्त प्लॉट का वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान चयनित भूमि पर अतिक्रमण पाया गया एवं क्षतिपुरक वनरोपण के प्रस्ताव को पत्र सं 190; दिनांक-28.01.2021 के माध्यम से वापस कर दिया गया ।

उक्त पत्र के आलोक में उपायुक्त, चतरा से पत्र सं0 -231 ; दिनांक-03.02.2021 के माध्यम से पुनः क्षतिपुरक वनरोपण हेतु गैर वनभूमि की मांग की गई । वर्तमान में उपायुक्त, चतरा के दिशा-निर्देश के आलोक में क्षतिपुरक वनरोपण हेतु ग्राम-नवाडीह पनारी एवं ग्राम-केवाल में कुल 20.00 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है जिसका DGPS एवं KML file आपके कार्यालय में पत्र सं0 1435, दिनांक-30.08.2022 के माध्यम से अग्रतर कार्यवाही हेतु समर्पित किया जा चुका है।

आपका पत्रांक 61 दिनांक 06.01.2023 के द्वारा प्रस्तावित ग्रिड सब-स्टेशन का वैकल्पिक स्थल चयन के आलोक में स्पष्ट मन्तव्य की मांग की गई है । पुनः स्थल निरीक्षण के उपरान्त प्रस्तावित ग्रिड सब-स्टेशन भूमि का का orientation उसी प्लॉट सं -40, खाता सं - 85 रकबा - 4.04 हे0 में **पुनः बदलाव कर कम से कम वृक्षों के पातन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण का निर्णय लिया गया जिसके अंतर्गत निम्नलिखित वृक्षों का पातन ग्रिड निर्माण हेतु किया जा सकता है :-**

**(क) सागवान वृक्ष - 66 पेड़**

**(ख) महुआ वृक्ष - 31 पेड़**

**(ग) शीशम वृक्ष - 55 पेड़**

**कुल वृक्ष - 152 पेड़**

नव orientation स्थल का kml file एवं वृक्षों की सूचि तैयार कर आपके कार्यालय में अग्रतर कार्यवाही हेतु समर्पित किया जा रहा है ।

**विदित हो कि पूर्व में प्रस्तावित ग्रिड सब-स्टेशन निर्माण हेतु स्थल में पड़ने वाले एवं पातित होने वाले कुल 948 वृक्षों की तुलना में वर्तमान में पातित होने वाले कुल 152 वृक्षों की संख्या कम है।**

महाशय से कहना है कि उक्त ग्रिड सब-स्टेशन को दो संचरण लाइनों से जोड़ा जाना है जिसका वन प्रस्ताव भी समर्पित किया जा चुका है तथा दोनों संचरण लाइनों (132 के0 वी0 हंटरगंज - चतरा एवं 132 के0 वी0 हंटरगंज - ईटखोरी संचरण लाइन) का शेष कार्य प्रगति पर है एवं प्रस्तावित 132/33 के0 वी0 ग्रिड सब-स्टेशन हंटरगंज जिसका निर्माण कार्य चयनित भूमि अंचल - हंटरगंज के ग्राम - बोंडा, खाता न0-85, प्लॉट न0-40 के अलावा अन्यत्र किसी प्लॉट पर बनाना राज्य सरकार एवं निगम के हित में सही प्रतीत नहीं होता है। विदित हो कि उक्त प्लॉट के लिए उपायुक्त चतरा द्वारा FRA & NOC भी निर्गत किया जा चुका है ।

यह परियोजना झारखण्ड सरकार की एक अति महत्वकांक्षी परियोजना है एवं हंटरगंज अंचल एवं चतरा जिला के क्षेत्रों में 24x7 घंटे बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए अति महत्वपूर्ण है ।

अतः परियोजना की महत्वता, जुड़ने वाले दो संचरण लाइनों के निर्माण में लगे लागत एवं समय को ध्यान में रखते हुए उक्त चयनित प्लॉट में ही नव oriented location पर ही प्रस्तावित ग्रिड सब-स्टेशन के निर्माण का कार्यानुमति प्रदान करने की दिशा में अग्रतर कार्यवाही करने कि कृपा करें ताकि ग्रिड निर्माण कार्य अविलंब शुरू किया जा सके।

अनुलग्नक:- यथोक्त


विश्वासभाजन

12.01.23

वरीय प्रबंधक,

संचरण प्रमंडल, हज़ारीबाग

# PROPOSED LAND FOR 132 KV HUNTERGANJ G.S.S. AT BONRA VILLAGE




12.01.23
GAURAV KUMAR SINGH
Senior manager
Transmission Division Hazaribag

वनक्षेत्र पदाधिकारी
हंटरगंज-प्रक्षेत्र

Dr. R. Thanga Pandian, I.F.S.
Divisional Forest Officer
Chatra North Forest Division